हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

04 बेतवा किनारे से अवैध रेत खनन करते जेसीबी...



07 जल गंगा संवर्धन अति महत्वपूर्ण अभियान...





## खबर संक्षेप

### कोतवाली पुलिस ने 2 बाइक चोर पकड़े

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने मुखबिर सूचना पर घेराबंदी कर शरद उर्फ ऋतिक अहिरवार (22) और राकेश अहिरवार (18) को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख कीमत की 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

### दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या मामले में 6 को आजीवन कारावास

**विदिशा।** कुरवाई न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने नवविवाहिता फिजा बी की आत्महत्या के मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास सजा सुनाई है। फिजा बी का विवाह 26 जून 2024 को शाहरुख के साथ हुआ था। विवाह के बाद ससुराल पक्ष के दिलशाद खां, फिरोज बी, तबस्सुम बी, जुबेर शाह, तस्लीम बी और शाहरुख खान द्वारा दहेज में बाइक की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। 25 जनवरी 2025 को फिजा बी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुरवाई पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई गई।

### नारी शक्ति वंदन पद यात्रा का आयोजन हुआ

**विदिशा।** नारी शक्ति वंदन पद यात्रा उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, माया पटेल, विधायक मुकेश टंडन, नपा अध्यक्ष बासौदा, शशि अनिल यादव, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं जिपं सदस्य गायत्री रघुवंशी सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कांच मंदिर माधवगंज से तिलक चौक तक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार और सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।

# 24 अप्रैल को स्कूलों के पास मौजूद कृषि भूमि की नीलामी होगी

**संबंधित तहसील में सुबह 11 बजे से शुरू होगी बोली, एक साल के लिए मिलेगी जमीन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के सरकारी स्कूलों के पास मौजूद कृषि भूमि हरित क्रांति योजना के तहत 24 अप्रैल को नीलामी की जाएगी। यह नीलामी स्कूल से संबंधित तहसील कार्यालय में 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। नीलामी प्रक्रिया शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं संबंधित शाला प्रभारी की उपस्थिति में ही कराई जाएगी।

नीलामी में भाग लेने वाल बोलीदारों को संबंधित शाला की निर्धारित ऑफसेट राशि का 10% अमानत (धरोहर) राशि के रूप में 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पूर्व तहसीलदार न्यायालय में जमा करना अनिवार्य होगा। अमानत राशि जमा करने के बाद ही बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। प्रत्येक शाला को आवंटित भूमि की नीलामी अलग -अलग की जाएगी। यदि कोई बोलीदार एक से अधिक शालाओं की भूमि के लिए बोली लगाना चाहता है तो उसे प्रत्येक शाला के ऑफसेट मूल्य का 10 प्रतिशत अलग से जमा करना होगा। बासौदा में 22 स्कूलों के पास 32.042 हेक्टेयर जमीन है। त्योंदा में 13 स्कूलों के पास 19.418 हेक्टेयर, ग्यारसपुर में 25 स्कूलों के पास 35.22 हेक्टेयर जमीन मौजूद है। इसी तरह गुलाबगंज में 13 स्कूलों के पास 17.27 हेक्टेयर, कुरवाई में 19 स्कूलों के पास 28.55 हेक्टेयर, पठारी में 4 स्कूलों के पास 6.58 हेक्टेयर, लटेरी में 45 स्कूल में 72.918 हेक्टेयर, नटेरन में 5 स्कूलों में 16.166 हेक्टेयर, शमशाबाद में 1 स्कूल के पास 2.225 हेक्टेयर, सिरोंज में 4 स्कूल के पास 4.07 हेक्टेयर, विदिशा में 33 स्कूल के पास 25.87 हेक्टेयर कुल 184 स्कूलों के पास 260.35 हेक्टेयर जमीन है।

### मुनादी कराई जाएगी

शालावार भूमि के रकबे, ऑफसेट मूल्य एवं नीलामी की शर्तों का विवरण जिला शिक्षा केन्द्र व संबंधित तहसीलदार न्यायालय में देखा जा सकेगा। तहसीलदार द्वारा निर्देशित किया गया है कि सूचना तहसील, न्यायालय एवं बीआरसीसी के माध्यम से नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराई जाए तथा कोटवार के माध्यम से मुनादी भी कराई जाए।नीलामी से प्राप्त राशि संबंधित शाला के खाते में जमा की जाएगी तथा अंतिम बोलीदार का विवरण नीलामी के बाद दिया जाएगा। जमीन की बोली 35 हजार रुपए हेक्टेयर से शुरू की जाएगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जनपद स्तर पर बैठकें 17-18 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्षा गीता कैलाश रघुवंशी के निर्देशन में जिले की सातों जनपद पंचायत ग्यारसपुर, विदिशा, बसौदा, कुरवाई, नटेरन, गंजबासौदा एवं सिरोंज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर 17 एवं 18 अप्रैल को विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों का उद्देश्य अधिनियम के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना तथा जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्ताव पारित कर इसके शीघ्र क्रियान्वयन की मांग करना है। जिपं अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी जनपद अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्र में अधिनियम के समर्थन में प्रस्ताव पारित कराने का आह्वान किया। बैठकों में जनप्रतिनिधि, महिला प्रतिनिधि, छात्राएं, अभिभावक भी शामिल होंगे।

**टीईटी परीक्षा के विरोध व सेवा अवधि प्रथम नियुक्ति से मान्य करने की मांग**

# शिक्षकों में आक्रोश: जिलेभर में बैठकों का दौर, 18 को भोपाल में भरेंगे हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

टीईटी परीक्षा के विरोध तथा सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किए जाने की मांग को लेकर प्रदेशभर के लाखों शिक्षक 18 अप्रैल को भोपाल के जंबूरी मैदान में एकत्रित होंगे। दोपहर 11 बजे प्रस्तावित इस विशाल प्रदर्शन में शिक्षक अपने सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करेंगे। इस मुद्दों को लेकर विदिशा जिले में जगह जगह शिक्षकों की बैठकों का दौर चल रहा है। हजारों की संख्या में शिक्षक यहां से प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचेंगे।

शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि शिक्षक शासन के निर्धारित नियमों के तहत भर्ती हुए थे, इसके बावजूद 28 वर्ष बाद पुनः परीक्षा देने का दबाव बनाया जा रहा है। परीक्षा में असफल होने पर सेवा समाप्ति का भय दिखाया जाना शिक्षकों के सम्मान के खिलाफ है। मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया कि 1998 से कार्यरत शिक्षकों की सेवा अवधि को 2018 से मान्य कर पूर्व की अवधि को शून्य कर दिया गया, जो घोर अन्याय है। इस मुद्दे को लेकर जिला और ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन हो चुके हैं। अब राजधानी भोपाल में निर्णायक आंदोलन की तैयारी है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिले के सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे 18 अप्रैल को राज्य रानी एक्सप्रेस से भोपाल पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं।



**बैठक कर संयुक्त मोर्चा ने लिया संकल्प**

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर 18 अप्रैल को भोपाल में आयोजित धरना आंदोलन में शामिल होने का संकल्प लिया गया। शिक्षक संवर्ग की प्रमुख मांगों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करना तथा प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना शामिल है। 15 अप्रैल को शासन के साथ बैठक हुई, किंतु कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इसके चलते प्रांतीय मोर्चा ने 18 अप्रैल का कार्यक्रम यथावत रखने का निर्णय लिया। सभी शिक्षकों से भोपाल पहुंचकर आंदोलन में सहभागी बनने की अपील की गई है।

### संयुक्त मोर्चा की बैठक में 18 अप्रैल को कूच का निर्णय

विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की अति आवश्यक बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के आह्वान पर 18 अप्रैल को भोपाल पहुंचने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि सभी शिक्षक बस, ट्रेन एवं निजी वाहनों से कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला संयोजक कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि प्रदेशभर से लगभग 2 लाख शिक्षक जुटेंगे। जिला संयोजक राजेश दीक्षित ने एकजुटता पर बल देते हुए मांगें शीघ्र पूरी होने का विश्वास जताया।

### शमशाबाद से सैकड़ों शिक्षक होंगे शामिल

**शमशाबाद।** शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर 18 अप्रैल को भोपाल में आयोजित धरना-प्रदर्शन में शमशाबाद क्षेत्र से सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगे। यह आंदोलन टीईटी परीक्षा निरस्त कराने तथा प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता लागू करने की मांग को लेकर किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे गोविंदपुरा स्थित दशहरा मैदान में अध्यापक-शिक्षक संवर्ग संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के बैनर तले कार्यक्रम होगा। संयुक्त मोर्चा द्वारा मोबाइल ग्रुपों व बैठकों के माध्यम से शिक्षकों से संपर्क कर रणनीति बनाई गई है। जानकारी प्रांतीय शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद शर्मा ने दी।

### अंतर विद्यालयीन फुटबॉल में सेमीफाइनल मुकाबले आज होंगे

**विदिशा।** जिला खेल परिसर में स्वर्गीय प्रो. के नायर स्मृति 15वीं अंतर विद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले रोमांच के साथ संपन्न हुए। पहले मैच में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल ने मगधम स्कूल को 3-0 से हराया, जिसमें शौर्य कृष्णन ने दो और सत्यम ने एक गोल किया। दूसरे मैच में ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल ने शासकीय धतुरिया स्कूल को 4-0 से पराजित किया। लीग चरण के बाद स्प्रिंगफील्ड, ट्रिनिटी, वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी और एमजीएम साकेत स्कूल सेमीफाइनल में पहुंचे। प्रतियोगिता के निर्णायक मुकाबले आज खेले जाएंगे।

### एसएटीआई कर्मचारियों ने सीएम को भेजे पोस्टकार्ड

**विदिशा।** भीषण गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बीच एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारी पिछले 11 दिनों से वेतन न मिलने के कारण हड़ताल पर बैठे हैं। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर अनुदान शीघ्र जारी करने और वेतन संकट दूर करने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन न मिलने से आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। धरना स्थल पर एनएसयूआई के प्रांत मंत्री यश शर्मा पहुंचे और कर्मचारियों को समर्थन देते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

# जुआ के अड्डा पर छापा, मोबाइल बाइक सहित 11 लोग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बालाजी पैराडाइज कॉलोनी के पीछे खाली जमीन पर कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए 11 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 मोबाइल फोन, 3 मोटरसाइकिलें और नकदी राशि जब्त की है। जब्त किए गए कुल माल की अनुमानित कीमत 4 लाख 44 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गौरव साहू, रवि बघेल, अक्षय खान, आसिफ खान, तौफीक खान, दिनेश मालवीय, गौरव सूर्यवंशी, इशान खान, आशीष लोधी, रानू सिलावट और साजिद खान शामिल हैं। ये आरोपी शहर के शिव नगर, पूरनपुरा, बजरिया, बेस दरवाजा और अन्य क्षेत्रों के निवासी हैं।

### वीरेंद्र पीतलिया के नेत्रों से 2 को मिलेगी रोशनी



**विदिशा।** इनकम टैक्स के वकील व नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पीतलिया का 65 वर्ष की आयू में गुरुवार को हृदयगति रुक जाने के कारण निधन हो गया। श्री पीतलिया के मरणोपरांत नेत्रदान कराया गया। अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग के डॉ राकेश मीना, डॉ योगेश सैनी, रामदेवी नर्स ने नेत्र प्रत्यारोपण किया। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ शांतिलाल पीतलिया, अतुल शाह, डॉ सचिन गर्ग, डॉ राजीव जैन ने नेत्रदान में सहयोग हेतु मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग का आभार व्यक्त किया है।

**डॉ. अंबेडकर जयंती पर निकला भव्य चल समारोह**

## विधायक मुकेश टंडन ने 15.75 लाख के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** गुलाबगंज में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सर्व समाज द्वारा विशाल चल समारोह निकाला गया। रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए यह रैली अंबेडकर नगर पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने बाबा साहब एवं संत रविदास के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। विधायक ने समाज की मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए मुक्ति धाम हेतु टैंकर और टीनशेड देने की घोषणा की। इस अवसर पर 15 लाख से निर्मित श्मशान घाट सौंदर्यकरण कार्य एवं 75 हजार रुपये से बने महर्षि वाल्मीकि चबूतरे का लोकार्पण किया गया। ग्राम गूलरखेड़ी में हरिजन मोहल्ले का नाम संत रविदास नगर रखने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**जैतपुरा व सौंथर चना उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण में अव्यवस्थाएं उजागर**

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं, सुधार नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन: विनीत दांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



अहमदपुर क्षेत्र अंतर्गत जैतपुरा एवं सौंथर चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करते हुए किसान कांग्रेस नेता विनीत सिंह दांगी ने व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए। निरीक्षण के दौरान किसानों ने स्लॉट बुकिंग, तुलाई सीमा और सैंपलिंग में मनमानी को लेकर अपनी समस्याएं रखीं।

किसानों ने बताया कि सैटेलाइट सत्यापन न होने से स्लॉट बुकिंग में देरी हो रही है, जिससे उन्हें कई दिनों तक चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं प्रतिदिन मात्र 1000 क्विंटल तुलाई सीमा के कारण लंबी कतारें लग रही हैं। भीषण गर्मी के बावजूद केंद्रों पर छाया, पेयजल और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। चना फसल की सैंपलिंग में एक-दो दाने तेवड़ा पाए जाने पर पूरी उपज को रिजेक्ट किए जाने की शिकायत भी सामने आई। दांगी ने इसे किसानों के साथ अन्याय बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों से तुलाई प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध करने, क्षमता बढ़ाने तथा स्लॉट बुकिंग की समस्या का शीघ्र समाधान करने को कहा। अधिकारियों ने 1-2 दिनों में तकनीकी समस्या दूर करने का आश्वासन दिया है। दांगी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। निरीक्षण के दौरान कई पदाधिकारी व सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।




# पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा में कलेक्टर सख्त, लाइब्रेरी व्यवस्थित करने व साप्ताहिक एकरूपता गतिविधियों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालयों के कार्यों की समीक्षा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निर्देश जारी किए।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में स्कूलों की आधारभूत संरचना, छात्र नामांकन, कक्षाओं एवं शिक्षकों की उपलब्धता तथा बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनाए गए नवाचारों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि इन नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।




कलेक्टर गुप्ता ने सभी पीएमश्री विद्यालयों में उन्नत एवं समृद्ध लाइब्रेरी विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी भाषा का एक दैनिक समाचार पत्र अनिवार्य रूप से क्रय करने के लिए कहा। प्रत्येक रविवार को सभी विद्यालयों में समान रूप से शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। बैठक में छात्रों के बौद्धिक, शारीरिक एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने हेतु योजनाबद्ध प्रयास करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण (एजुकेशनल टूर) आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपा, पीएचई के कार्यपालन यंत्री, पीआईयू के ईई, ऊर्जा विभाग के डीई, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी, होमगार्ड, स्कूल शिक्षा विभाग की सहायक संचालक, आईटीआई प्रतिनिधि एवं सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-5780
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7141
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5392
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7960
शरबती
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-4353
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1990
उच्चतम भाव-2990
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2190
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-6900
अलसी
न्यूनतम भाव-6800
उच्चतम भाव-6900
धनिया
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-11300
धान
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4110
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3850
मटर
न्यूनतम भाव-3650
उच्चतम भाव-3800
ईमली
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3100
मक्का
न्यूनतम भाव-1381
उच्चतम भाव-1570
मूंग
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6000
मेथीदाना
न्यूनतम भाव-3810
उच्चतम भाव-3810
तुअर
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-5970

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 37867 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# फसल बेचकर लौट रहे किसान का रुपयों से भरा बैग चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि उपज मंडी से अपनी कृषि उपज बेचकर लौट रहे एक किसान के साथ चोरी की वारदात घटित हुई। बुधवार को अज्ञात चोरों ने फल खरीदते समय उनके रुपयों से भरा बैग चुरा लिया। घटना शाम के समय की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रमपुरा निवासी गनपत सिंह कुर्मी उम्र 47 वर्ष अपनी उपज लेकर विक्रय के लिए नवीन मंडी आए थे। उन्होंने केसर इंडस्ट्रीज शेर सिंह रघुवंशी की फर्म पर लगभग 66 क्विंटल, 65 किलोग्राम गेहूं बेचा था। बिक्री की राशि और पर्ची उन्होंने खाने के टिफिन में रखकर सफेद कपड़े के थैले में रखी थी। चोरी की घटना से पहले उन्होंने त्योंदा रोड से लगभग 3000 रुपए की एक साइकिल भी खरीदी थी। ट्रैक्टर-ट्रॉली से वे जब गांव लौट रहे थे तो त्योंदा रोड स्थित पुरानी गल्ला मंडी में उन्होंने अपनी ट्रॉली खड़ी



की। वह तरबूज खरीदने के लिए एक ठेले पर रुके और रुपयों से भरा अपना बैग ठेले पर रख दिया। गनपत सिंह तरबूज तुलवाकर उसी बैग में रख रहे थे, तभी पास के अंगूर के ठेले पर अंगूर के भाव पूछने लगे। इसी दौरान अज्ञात चोर तरबूज के ठेले पर रखा उनका रुपयों से भरा सफेद कपड़े का थैला लेकर फरार हो गया। घटना के समय उनके साथ उनका बेटा रुद्र भी मौजूद था। रूपयों से भरे थैले के गायब होते ही गनपत सिंह ने तुरंत आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। रात लगभग 8 बजे गनपत सिंह और उनके बेटे ने सिटी पुलिस थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि उक्त मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध रूप से उत्खनन करने वालों पर अमले की कार्रवाई

# बेतवा किनारे से अवैध रेत खनन करते जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी के घाटों पर रेत एवं मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन का कार्य जोरों से चल रहा है। उत्खननकर्ताओं द्वारा बेधड़क अवैध रूप से मिट्टी, रेत का उत्खनन एवं परिवहन कर मोटी कमाई की जा रही है। जिससे बेतवा नदी के घाटों पर कटाव हो रहा है एवं जलीय जीवजंतुओं का जीवन चक्र प्रभावित हो रहा है।





कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को बेतवा नदी किनारे अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार अरविंद यादव एवं खनिज निरीक्षक विदिशा की संयुक्त टीम ने ग्राम बेरखेड़ी में बेतवा नदी के किनारे दबिश दी। कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी मशीन द्वारा अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरते हुए पाया गया। मौके पर जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक MP11ZF 5185 को जब्त कर देहात थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। कार्रवाई के दौरान नदी से रेत के अवैध उत्खनन में उपयोग किए जा रहे लोहे के पाइप, खाली ड्रम एवं बांस भी बरामद किए गए। साथ ही लगभग 18 से 20 ट्रॉली अवैध रूप से निकाली गई रेत भी मौके पर पाई गई, जिसे प्रशासन ने जब्त कर लिया। जिला खनिज अधिकारी प्रशांत तिवारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि जेसीबी मशीन के मालिक रोहित तिवारी निवासी बरेठ रोड के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मातृ शक्तियों का आव्हान शिक्षक भ्रमित न हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिले के सभी शिक्षक भाईयों और बहिनों से मातृ शक्तियों ने आव्हान करते हुए कहा कि कोई भ्रमित ना हो कुछ कर्मचारी संगठन ,शासन के अधिकारी गण और जनप्रतिनिधि तरह तरह के भ्रम फैला रहे हैं, बयान बाजी कर रहे हैं, जिससे हमारी एकता खंडित हो और 18 अप्रैल का भोपाल का कार्यक्रम फैल हो जाये। सभी मातृशक्तियों ने एक स्वर में कहा कि हम पहले भी सरकार के बयानों और कर्मचारी संगठनों के बहकाबे में आकर धोखे खा चुके हैं। आपको याद होगा कि हमारा आंदोलन हमारी एकता और शक्ति को देखकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस बुलाकर हजारों शिक्षकों के सामने कहा था कि जस का तस शिक्षा विभाग और जो सुविधाएं शिक्षकों को मिलती है वह समस्त सुविधाएं अध्यापकों को मिलेगी। इसके उपरांत हुआ क्या शिक्षा विभाग तो नहीं मिला, राज्य शिक्षा सेवा और ना ही कोई सुविधाए, ना पैंशन, ना ग्रेच्युटी ना बीमा, ना ही जीपीएफ कटोत्रा, यहां तक कि हमारी 20 वर्ष की वरिष्ठता भी शून्य कर दी गई। हालाकि पूर्व मुख्यमंत्री ने हमारे लिए किया भी बहुत कुछ था लेकिन सभी के समक्ष कहकर नौकरशाहों की बातों में आना कहां का न्याय था। पूर्व के अनुभवों से अध्यापक सीखें हम दूसरों को शिक्षा देते हैं, यदि हम ही भ्रमित होंगे तो हम क्या शिक्षक या बुद्दिजीवी कहलाने के लायक हैं। हमें किसी के बहकाबे किसी की बातों में ना आकर 18 अप्रैल को भोपाल भर देना है। जिससे शासन प्रशासन सोचने पर मजबूर हो जाए सभी ने एक स्वर मे शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी एवं सभी पदाधिकारियो को भरोसा दिलाया कि हम सब हर संघर्ष मे आपके साथ हैं और भोपाल जिले की समस्त महिला शिक्षिकाएं भी चलेंगीं। जिनमें प्रमुख रूप से भागवती रघुवंशी, अनीता ठाकुर, इंदू लाड़, माधवी भाटिया, तृप्ति तिवारी, अनुपमा जैन ,भारती शर्मा, किरण चौरसिया,मधुलता अग्रवाल, कविता रघुवंशी, सुनीता दिवाकर, ज्योति दीक्षित, रश्मि झा, अनीता साहू, प्रीति शर्मा ,कांता अहिरवार, उमा सेन, श्वेता जैन, ममता छावड़ा, सुमन रघुवंशी ,सरस्वती सेन, गीता पंथी, रश्मि तोमर, सीता गुप्ता, पूनम भाटिया ,सुनीता रानी शामिल हैं।

## विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा गत दिवस हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अनेक शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शासकीय हाई स्कूल किरवाया का परिणाम परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें 95 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित की है। विद्यालय में रोशनी अहिरवार पुत्री राम सेवक अहिरवार ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्ष राज बघेल पुत्र हेमराज बघेल ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं विजय कुशवाह पुत्र जगदीश कुशवाह ने 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ ने सफल छात्र, छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं पीएमश्री हाई स्कूल बरमढ़ी का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा है। जिसमें धन सिंह आदिवासी ने 82 प्रतिशत बनाकर प्रथम स्थान, शीतल गुर्जर ने 74 प्रतिशत बनाकर द्वितीय स्थान एवं हर्षित गुर्जर ने 73% बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रियांशी गुर्जर ने 66.8 प्रतिशत, तीजा अहिरवार ने 65 प्रतिशत और राधिका अहिरवार ने 63 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा ठाकुर सहित स्टॉफ ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### उत्साह से मनाई गई जयंती

**गंजबासौदा।** विगत दिनों त्योंदा में भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की 150वीं एजेंसी के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें ग्राम रसूलपुर से त्योंदा अस्पताल तक घोड़ा बग्गी पर बाबा साहब एवं संत रविदास की प्रतिमा रखकर जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह सूर्यवंशी, महाराज सिंह सूर्यवंशी, अमित चौधरी, बबलू अहिरवार, दंगल सिंह अहिरवार मौजूद थे। जिनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अहिरवार समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोकगीतों का आयोजन भी हुआ।

## संस्कृत संभाषण शिविर का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में चल रहे सप्त दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन हो गया। शिविर में सामाजिक लोग, शिक्षक एवं बच्चों ने सात दिन में संभाषण सीखा एवं अतिथियों के समक्ष संस्कृत भाषा में अपनी प्रस्तुति दी तथा वहीं आगामी 7 मई से प्रारंभ हो रहे संस्कृत प्रबोधन वर्ग के लिए पंजीयन कराकर अपना स्थान निश्चित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश तनवानी ने की। मुख्य अतिथि बालकृष्ण प्रजापति प्राध्यापक एसजीएस कॉलेज संस्कृत विभागाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि हरिओम दुबे, पुरुषोत्तम यादव, बैजनाथ कुशवाह एवं संस्कृत भारती के कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सेन ने किया एवं आभार व्यक्त संस्कृत विद्वान विनोद शर्मा ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत पं. अनिल चतुर्वेदी एवं अभिलाषा चतुर्वेदी ने किया। वेद पाठ विपिन शर्मा ने किया, सरस्वती वंदना नैन्सी तिवारी, तनिष्का तिवारी ने की। धयय मंत्र शानू विश्वकर्मा ने किया, जबिक हिमांशी चतुर्वेदी, ख्याति चतुर्वेदी ने संस्कृत संभाषण शिक्षण विधि का अभ्यास कराया। आदित्य चतुर्वेदी ने सप्त दिवसीय शिक्षण का प्रतिवेदन वाचन किया, शिविर शिक्षिका अभिलाषा चतुर्वेदी एवं संगीता राजपूत, सोहित व्यास, घनश्याम कोरी, विमलेश लोधी शकुन अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविरों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत स्वरूप नगर में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यस्थता की प्रक्रिया एवं महत्व के बारे में यह बताया गया कि पक्षकार मध्यस्थता के माध्यम से सीधे संवाद के जरिए आपसी सहमति से विवाद का समाधान निकाल सकते हैं, साथ ही यह भी बताया गया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से पैसे और समय की बचत करते हुए विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला जा सकता है, मध्यस्थता प्रक्रिया में वैवाहिक विवाद, धन वसूली, किराएदारी के विवाद, मोटर दुघर्टना,चेक अनादरण आदि जैसे विवादों का कम खर्च में शीघ्र निपटारा किया जा सकता है। वहीं शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जफर इकबाल तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र



न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संविधान के मूलभूत अधिकार, मूल कर्तव्य, महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिंग उत्पीड़न, निवारण, प्रतितोष और प्रतिषेध, साइबर अपराध एवं बचाव, निजता का अधिकार, निः शुल्क विधिक सहायता के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया गया। उक्त शिविर में अमान सिंह राजपूत अधिवक्ता, राजेश शर्मा अधिवक्ता, सुनील राजपूत पीएलव्ही, हेमराज सिंह सोलंकी पीएलव्ही एवं महाविद्यालय से वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. विजय शाक्य, अभिषेक सिंह, घनश्याम चौकसे एवं अन्य प्राध्यापक सहित अधिक संख्या में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



## गमाखर में चौपाल आयोजन से किसानों को दी गई जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को विकासखण्ड के ग्राम गमाकर में किसान चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया गया। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों अधिक संख्या में नरवाई में आग लगने की घटनाएं आ रही हैं। जिसके अंतर्गत एसडीएम अनुभा जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर, कृषि विस्तार अधिकारी सृष्टि रघुवंशी, शुभम रघुवंशी एवं पटवारी ने नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत बताया कि नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसान, भूमि की उर्वरता में हानि, लाभदायक कीट नष्ट होना, वातावरण दूषित होना व विभिन्न प्रकार की जन पशु हानि की भी संभावना बनी रहती है। उन्होंने चर्चा करते हुए बताया कि स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर, रोटावेटर, बेस्ट डीकंपोजर का घोल बनाकर और 10% यूरिया का घोल बनाकर छिड़काव करके भी नरवाई का प्रबंधन कर सकते हैं। साथ ही नरवाई में आग न लगाने हेतु उपस्थित कृषकों को शपथ दिलवाई गई और नरवाई में आग लगाने की घटनाएं आगामी समय में ना हो इस हेतु सख्त हिदायत भी दी गई। चौपाल में सरपंच सहित अनेक कृषक गण उपस्थित रहे।

## बरेठ रोड पर बीजासन माता मंदिर में हुआ आयोजन, उमड़ी आस्था

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में हुआ रुक्मिणी विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड बीजासन माता मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन रुकमणी विवाह सहित अन्य प्रसंगों का पंडित सुनील शास्त्री वाराणसी द्वारा विस्तार से वर्णन किया गया। कथा में सत्राजित द्वारा भगवान द्वारकाधीश को श्यांमतक मणि का कलंक लगा तथा जामवंत से भगवान कृष्ण का युद्ध का वर्णन किया गया। जामवंत की पुत्री जामवती से भगवान कृष्ण का विवाह तथा भगवान कृष्ण कलंक से मुक्त होना तथा सत्राजित का भ्रम दूर होना, भगवान से क्षमा मांगना तथा अपनी पुत्री का विवाह भगवान के साथ करने के लिए निवेदन करना आदि का वर्णन किया गया। शास्त्री ने कथा में बताया गया कि भोमासुर द्वारा हरकर लाई 16100 रानियां को भगवान कृष्ण मुक्त करते हैं तथा उन रानियों से भगवान कृष्ण की विवाह होता है। इस प्रकार भगवान कृष्ण के 16108 विवाह संपन्न हुए। कथा में आगे बताते हुए शास्त्री ने बाणासुर की कथा सुनाई तथा बाणासुर का भगवान द्वारा किस तरह उद्धार किया गया। आगे कथा में शास्त्री ने जरासंध की कथा सुनाई तथा उसके मोक्ष के बारे में बताया। शास्त्री ने महाभारत की संक्षिप्त रूप में कथा सुनाई तथा कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन हुआ एवं सप्त दिवसीय कथा संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**गंजबासौदा।** गुरुवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों, टूटी नंबर प्लेट एवं बगैर नंबर प्लेट के वाहन चालकों के विरुद्ध की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 11 वाहन चालकों से 4200 जुर्माना वसूला गया। वहीं यातायात पुलिस द्वारा गत दिवस नवीन कृषि उपज मंडी में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अनेक ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेडियम की पट्टियां लगाई गईं। जिससे रात्रि के समय ट्रैक्टर, ट्राली अंधेरे में दूर से नजर आ जाऐंगे तथा हादसों पर विराम लगेगा।



### स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**गंजबासौदा।** बेहलोट स्थित स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अध्ययनरत कक्षा दस के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिनमें छात्र सुमित दांगी ने 89.4 प्रतिशत, नमन रघुवंशी ने 86.6 प्रतिशत, ऋषिका यादव ने 86.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिया अहिरवार 82.6 प्रतिशत, शुभ अग्रवाल 81.8 प्रतिशत, दर्श लाड़ 81.2 प्रतिशत ,नैंसी रायकवार 77.2 प्रतिशत, हर्ष रघुवंशी 75.8 प्रतिशत ,वैष्णवी कुर्मी 74 प्रतिशत, प्रथम मिश्रा 72 प्रतिशत, विराट ठाकुर 69.6 प्रतिशत ,कृष्णा शर्मा 67.6 प्रतिशत, तुलसी रघुवंशी ने 66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी, पार्थ रायकवार, कार्तिक कुशवाह, कार्तिका यादव, कृष्णकांत दांगी, नैतिक सेन, केशव अहिरवार, योगेंद्र लोधी, रुद्र प्रताप सिंह राजपूत, सावन शिल्पकार ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उतीर्ण की। विद्यालय के संचालक रूपेश लाड़, प्राचार्य नारायण सिंह राजपूत एवं स्टॉफ ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विद्यालय के चार विद्यार्थी प्रदेश एवं जिला मेरिट सूची में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं ने प्रदेश एवं जिला मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कक्षा 12वीं में गणित संकाय की छात्रा कुमारी तान्या शर्मा ने 500 में से 484 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9 वां स्थान प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने हिंदी एवं गणित में 99/100-99/100 अंक अर्जित कर विशेष उपलब्धि हासिल की। कला संकाय से श्रीप्रिया सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 10 वीं के छात्र मनीष कुमार विश्वकर्मा एवं जतिन कुमार ने 500 में से 489 अंक (97.8%) प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनीष कुमार विश्वकर्मा ने हिंदी एवं अंग्रेजी में 99/100,99/100 अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में कुल 115 छात्र सम्मिलित हुए, जिनमें से 106 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इनमें 9 छात्रों ने 90% से अधिक,15 छात्रों ने 90% से 85% के बीच,37 छात्रों ने 85% से 75% के बीच,45 छात्रों ने 75% से 60% के बीच अंक प्राप्त किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें सिद्धांत सिंह गुर्जर ने संस्कृत में 99/100 एवं गणित में 100/100 अंक, पलक दांगी ने गणित में 99/100 अंक, रविंद्र कुशवाहा ने संस्कृत में 99/100 अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 वीं में कुल 106 छात्र सम्मिलित हुए, जिनमें से 102 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें 26 छात्रों ने 90% से अधिक,19 छात्रों ने 90% से 85% के बीच,16 छात्रों ने 85% से 75% के बीच,33 छात्रों ने 75% से 60% के बीच अंक प्राप्त किए। संस्था प्रबंधन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**खबर संक्षेप**



### एसपी मेमोरियल के दो छात्र मेरिट सूची में

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर के लिए हर्ष एवं गर्व का विषय है कि एस पी मेमोरियल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वी के छात्र ओमकांत लोधी ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश में 8 वां स्थान प्राप्त किया एवं कक्षा 12 वी की छात्रा तनुश्री कुर्मी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8 वां स्थान प्राप्त किया दोनों विद्यार्थियों ने नगर सहित स्कूल व माता पिता का नाम रोशन किया।

**कमिश्नर ने की जल संवर्धन अभियान की जिलेवार समीक्षा**

# जल गंगा संवर्धन अति महत्वपूर्ण अभियान, तेजी से कार्य करें अधिकारी: कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान अति महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान के अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारी अच्छी कार्य योजना तैयार कर जल गंगा संवर्धन, जल संरक्षण, जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं।

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्य योजना संबंधित विभागों के अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग के अधिकारी जवाबदेही के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को जनभागीदारी के साथ कराएं तथा किए गए



कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफ भी पोर्टल में दर्ज कराएं।

कमिश्नर ने संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विभाग के अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्यों के फोटोग्राफ और जानकारी प्रतिदिन पोर्टल में अनिवार्यतः दर्ज कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज जल गंगा संवर्धन अभियान की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल में सागर संभाग में वृद्ध स्तर पर पौधरोपण का कार्य कराया जाना है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग पौधरोपण की विस्तृत तैयारियां करें तथा वर्षाकाल में सागर संभाग के सभी जिलों में वृद्ध पौधरोपण कार्य सुनिश्चित कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला, महिला एवं बाल विकास विभाग बी.एल. प्रजापति एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## मुक्तिधाम मामले में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपा

**देवरीकलां।** देवरी नगर के झुनकु वार्ड स्थित मुक्तिधाम में विगत 4 अप्रैल को जन सहयोग से चल रहे निर्माण कार्य पर प्रशासन द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन में अब हिन्दु संगठन भी शामिल हो रहे है। आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के स्थानीय पदाधिकारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, और मांगे पूरी किए जाने एवं जन कल्याण के कार्यों में गंदी राजनीति बंद किए जाने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में मांग की गई कि प्रशासन द्वारा गलत कार्रवाई में जब्त की गई सामग्री वापिस लौटाई जाए, नगर स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप बंद किया जाये। स्थानीय लोगो की दान राशि, सामग्री एवं श्रमदान से निर्मित ध्वस्त किये गये कार्यो को यथारूप निर्मित कराया जाये। ज्ञापन में मांग की गई कि देवरी तहसीलदार देवरी को जन कल्याणकारी कृत्यों हेतु शमशान घाट में जनसामान्य के द्वारा जो लकड़ी के स्टोर करने, चौकीदार नियुक्त करने, शवदाह उपरांत अस्थि संचय स्थान की व्यवस्था, एवं नदी घाट निर्माण एवं जल स्त्रोत निर्मित करने हेतु निर्देशित किया जाए । उक्त संबंध में विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री संजीव सोनी ने कहां कि सार्वजनिक हित एवं जनकल्याण के लिए नागरिकों की सहभागिता से किए जा रहे कार्यों को रोका जाना दुर्भावना पूर्ण है, 4 अप्रैल की घटना की मै घोर निंदा करता हूं। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री संजीव सोनी, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री नीरज नामदेव, बजरंग दल नगर अध्यक्ष अवध नेमा, विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष बाबूराम सेन, दीपक खत्री, केशु लखेरा, सौरभ कबीरपंथी, राजा सेन, पंकज कोष्टी, प्रदोष साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### गुरुकुल की छात्राओं ने नगर का नाम रोशन किया

**खुरई ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें एस.पी. जैन गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा हिमांशी यादव सुपुत्री वीरेंद्रसिंह यादव और कुमकुम लोधी सुपुत्री रामान सिंह लोधी ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में क्रमशः नवमां एवं दसवां स्थान हासिल कर अपने परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। छात्राओं ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता प्राप्त की। छात्राओं ने बताया कि बिना किसी कोचिंग के विद्यालय में शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही नियमित पढ़ाई के साथ-साथ समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देती थीं, इस सफलता में विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकों का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय के प्राचार्य प्रयंक जैन एवं शिक्षकों ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने की सलाह दी। छात्राओं के माता-पिता ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी बेटी ने मेहनत और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया है। भविष्य में हिमांशी यादव कृषि वैज्ञानिक एवं कुमकुम लोधी उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करना चाहती हैं। इस सफलता से विद्यालय के अन्य छात्रों में भी उत्साह बढ़ा है। सम्मान समारोह में सभी ने मेधावी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## शब्दों में शक्ति होती है और ध्वनि में उपचार की क्षमता: डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश एवं सिद्धासना एवं जीवन शैली के संयुक्त तत्वावधान में "ध्वनि चिकित्सा एवं अभिव्यक्ति प्रक्रिया के प्रशिक्षण में" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। तद्पोरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन, भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि शब्दों में शक्ति होती है, और ध्वनि में उपचार की क्षमता। जब हम ध्वनि चिकित्सा और अभिव्यक्ति प्रक्रिया को एक साथ जोड़ते हैं, तो यह हमारे व्यक्तित्व के समग्र विकास में सहायक बनता है। ध्वनि चिकित्सा हमारे अंदर शांति और संतुलन लाती है, जबकि अभिव्यक्ति प्रक्रिया हमें समाज में प्रभावी रूप से प्रस्तुत होने की क्षमता देती है। हमें अपने जीवन में ध्वनि चिकित्सा को अपनाना चाहिए और



अभिव्यक्ति की कला को निरंतर विकसित करना चाहिए। यही हमारे मानसिक स्वास्थ्य और सफल जीवन की कुंजी है। जब आपकी सोच शांत होती है, तो आपकी आवाज़ प्रभावशाली बनती है और जब आपकी अभिव्यक्ति सशक्त होती है, तो आपकी पहचान बनती है। डॉ. प्रतिभा तिवारी द्वारा रचित अध्यात्म प्रतिभा पुस्तक का विमोचन किया गया। बेंगलौर से उपस्थित सुश्री नम्रता मेहता ने कहा कि सकारात्मक ध्वनि अपनाइए, और प्रभावशाली अभिव्यक्ति विकसित कीजिए, यही सफलता और संतुलित जीवन का मार्ग है। यदि हमें सफल और संतुलित जीवन जीना है, तो हमें अपने भीतर की ध्वनि को समझना होगा और अपनी अभिव्यक्ति को सशक्त बनाना होगा। आत्मा और परमात्मा को महसूस करना कोई बाहरी क्रिया नहीं, बल्कि भीतर की एक यात्रा है। जब आप अपने मन के शोर को शांत करते हैं, तब अनंत शांति और शक्ति का अनुभव कर पाते हैं।

### सिलोधा गांव में कच्चे घर में लगी आग: लकड़ियां और अन्य सामान जला

**खुरई।** खुरई देहात थाना क्षेत्र के सिलोधा गांव में बीती रात एक कच्चे घर में आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में घर में रखी लकड़ियां और अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। यह कच्चा घर सिलोधा गांव निवासी रामप्रवेश राजपूत का था, जो उनके मुख्य घर के पास ही बना हुआ है। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। आग लगते ही आसपास के लोगों ने उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। ग्रामीणों को डर था कि आग कहीं अन्य घरों तक न पहुंच जाए। उन्होंने तत्काल खुरई नगर पालिका को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे गांव के अन्य घरों को नुकसान होने से बचाया जा सका।

### खुरई में ट्रेन से टकराकर महिला की मौत: हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आई प्लेटफॉर्म पार करते समय हुआ हादसा

**खुरई।** खुरई रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर 2 के पास हुई। मृतका की पहचान सुधा पति अनिल रैकवार (40) निवासी ऋषभ कुमार वार्ड, खैरा नाका के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महिला प्लेटफॉर्म नंबर 2 से 1 पर जाने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान गोरखपुर से बांद्रा जा रही हमसफर एक्सप्रेस वहां से गुजर रही थी। ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आरपीएफ अधिकारी राजा भाई ने बताया कि हमसफर सुपरफास्ट ट्रेन के चालक ने वायरलेस के माध्यम से स्टेशन मास्टर को सूचना दी थी कि एक महिला प्लेटफॉर्म पर नहीं चढ़ पाई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सागर से जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, सुधा बर्तन धोने के लिए शहर में किसी के घर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। शव को सिविल अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया गया है, जहां आज गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

**अहमदपुर कस्बा।** भाजपा मंडल अहमदपुर का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम 7 सत्रों में संपन्न हुआ। जिसमें सत्र अनुसार मुख्य वक्ताओं में विधायक मुकेश टंडन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्याम सुंदर शर्मा, तोरन सिंह दांगी,पूर्व



जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, जिला महामंत्री बलबीर रघुवंशी, अरविंद श्रीवास्तव आदि ने उद्बोधन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा ग्रामीण मंडल अहमदपुर के कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेताओं ने रात्रि में प्रशिक्षण स्थल पर ही रात्रि विश्राम किया। 15 अप्रैल को सुबह योग एवं व्यायाम के साथ पुनः प्रशिक्षण वर्ग मै विभिन्न विषयों पर बक्ताओं का उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम का संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामेश्वर किरार ने किया तथा अंत में मंडल उपाध्यक्ष त्रिलोक कुशवाह ने आभार व्यक्त किया।

### सेंटमेरी स्कूल का 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम

**विदिशा।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के कुल 129 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे। विद्यालय की छात्रा रक्षा मालवीय ने 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नंदिनी मीना ने 94 .4% अंक हासिल किए, जबकि तृतीय स्थान पर भाव्या सिंह ने 93 .8% अंक प्राप्त किए। चतुर्थ स्थान राधिका दांगी ने 93 .6% अंकों के साथ प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय के कुल 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। इस अवसर पर विद्यालय में सफल विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधन के मैनेजर फादर डॉ जोस, प्रधानाध्यापिका सिस्टर थेरेसा तथा वाइस प्रिंसिपल अनिल वी. एस. ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के मैनेजर फादर डॉ जोस ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सांपन नदी पर श्रमदान, जल चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था प्रगतिशील लोक कल्याण सोसाइटी, शमशाबाद द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जल चौपाल का आयोजन किया गया।

सांपन नदी पर श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर शमशाबाद



के अंतर्गत संचालित नगर विकास प्रस्फुटन समिति, शमशाबाद एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां भगवानपुर, बरुआखार, बमौरी, रुस्सली एवं जटपुरा के प्रतिनिधियों एवं सक्रिय सदस्यों ने भाग लेकर श्रमदान किया।

ब्लाक समन्वयक भीकम सिंह दांगी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समिति के सदस्यों, आमजन से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय की प्रतिभाओं ने गाड़े सफलता के झंडे

**लटेरी।** रवीना विश्वकर्मा 84 .80% 12वीं कला संकाय एवं रुचिरा श्रीवास्तव 89 .06% दसवीं में प्राप्त लटेरी। कन्या शाला की प्रचार्या ने बताया कि दो विद्यार्थियों ने कन्या शाला की मेरिट सूची में स्थान बनाकर हम सभी का मस्तक ऊंचा कर दिया है। रवीना विश्वकर्मा कक्षा 12वीं ( कला संकाय) कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय लटेरी ने 84.80% (424/500) अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुचिरा श्रीवास्तव कक्षा 10वीं कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय लटेरी ने 89. 6 % (448/500) अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



### दुष्कर्म का आरोपी 2 घंटे में गिरफ्तार

**विदिशा।** जिले के नटेरन थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को महज दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने 15 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई कि एंबुलेंस चालक गौरव मालवीय ने शादी का झांसा देकर 22 नवंबर 2025 को अपने किराए के कमरे में गलत काम किया और बाद में धमकाया। पुलिस ने संबंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को वर्धा से गिरफ्तार किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर तलैया ने निकाली गौरव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्य प्रदेश में वाणिज्य संकाय में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर तलैया की छात्रा विशाखा शर्मा की गौरव यात्रा निकाली गई।

गौरव यात्रा सरस्वती स्कूल तलैया से बरईपुरा किरी मोहल्ला माधवगंज एवं मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में संपन्न हुई। यात्रा में टॉपर छात्र छात्राओं को रथ में बिठाकर




जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। आतिशबाजी हुई ढोल नगाड़े की थाप पर छात्रों ने खूब नृत्य किया। यात्रा में श्रीराम कृष्ण दास शिक्षण समिति के सचिव उदय ढोली, मनमोहन शर्मा, सरस्वती तलैया के प्राचार्य आनंद कुमार वर्मा, अंदर किला प्राचार्य दिनेश शर्मा, केशव नगर के प्राचार्य शुभम चौहान एवं तलैया विद्यालय की प्रभारी हेमलता परिहार, अभिभावक सुनील शर्मा तीनों विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं आचार्य परिवार शामिल हुए यात्रा का समापन विद्या भारती की अखिल भारतीय मंत्री राजश्री वेद्य दीदी के उद्बोधन से हुआ। संचालन एवं आभार व्यक्त राजकिशोर रैकवार ने माना।

### हाई स्कूल की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ग्यारसपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल ग्यारसपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 में 92 .85% परिणाम दर्ज किया। बैबी चौरसिया पिता भगवान दास चौरसिया ने 96 .60 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं वैशाली घोसी ने 92 .80% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दृष्टि कुशवाह ने 86 .80%, अंजली कुशवाहा ने 79 .20 प्रतिशत तथा विनीता कुशवाह ने 77 .00% अंक अर्जित किए। विद्यालय के अन्य सभी विद्यार्थी भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर सफलता प्राप्त करने में सफल रहे।

### सांदीपनी ग्यारसपुर का 10वीं में 90% व 12वीं में 98% परिणाम

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर के सांदीपनी विद्यालय के कक्षा 10वीं के 157 नियमित छात्रों में से 141 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा 12वीं के 164 नियमित विद्यार्थियों में से 161 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 151 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं में 90% तथा कक्षा 12वीं में 98% दर्ज किया गया, जो संस्था के लिए गौरव का विषय है। मेधावी विद्यार्थियों में कक्षा 10वीं से प्रज्ञा अहिरवार ने 95% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में कु. सलोनी कुशवाह ने 92% अंक प्राप्त किए।

**एसडीएम कार्यालय में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई**

# रबी उपार्जन की विसंगतियों पर 13 सूत्रीय मांगें समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**चना खरीदी में तेवड़ा की मात्रा 0% की जगह पूर्व वर्ष की तरह 5% मान्य करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

रबी फसल की समर्थन मूल्य खरीदी में आ रही अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान संघ, जिला विदिशा इकाई लटेरी ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में एसडीएम नितिन जैन, नायब तहसीलदार भास्कर रघुवंशी, कृषि एसडीओ रितेश परमार, सहकारिता विस्तार अधिकारी अरविंद रघुवंशी, फूड अधिकारी अंजना इक्का, वेयरहाउस प्रबंधक अभिनव शर्मा, सोसाइटी प्रबंधक मुकेश शर्मा एवं बबलू बघेल उपस्थित रहे।

किसान संघ की ओर से इकाई अध्यक्ष चंद्रभान बघेल सहित कई प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में किसानों ने 13 सूत्रीय मांगपत्र सौंपते हुए खरीदी व्यवस्था की व्यावहारिक समस्याएं उठाईं। प्रमुख मांगों में चना खरीदी में तेवड़ा की मात्रा 0% के स्थान पर पूर्व वर्ष की तरह 5% मान्य करने, सभी उपार्जन केंद्र चालू करने, गेहूं की दैनिक खरीदी क्षमता बढ़ाने तथा रविवार को छोड़ अन्य अवकाश निरस्त करने की मांग शामिल रही।

किसानों ने स्लॉट बुकिंग साइट की खामियां दूर करने, फर्जी पंजीयन की जांच, केसीसी जमा किसानों को शीघ्र भुगतान, अतिरिक्त फायर गाड़ी की व्यवस्था और साप्ताहिक समीक्षा बैठक तय करने की भी मांग रखी। केंद्रों पर तुलाई में बाधा, फसल मापदंड, नरवाई में आग और बैंक ऋण वापसी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। किसान संघ ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

एसडीएम नितिन जैन ने विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए लंबित शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में विधायक के नेत्रत्व में निकाली धन्यवाद यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किए जाने के निर्णय पर लटेरी नगर में मातृशक्ति द्वारा धन्यवाद यात्रा निकाली गई।

विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें शामिल हुईं। यात्रा आनंदपुर रोड स्थित माता मंदिर से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौराहे तक पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाओं ने हाथों में धन्यवाद मोदी एवं धन्यवाद मोहन यादव लिखे पोस्टर एवं बैनर लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा एवं नारी शक्ति वंदन समिति की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष आयोजन किया गया, जहां विधायक उमाकांत शर्मा ने नारी शक्ति को ही मंच पर अतिथि के रूप में स्थान देकर सम्मानित किया और स्वयं मंच के



नीचे बैठकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज ही भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में माताएं एवं बहनें नगर परिषद अध्यक्षा सैलेश भंडारी के साथ उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

## ड्रायवर की बेटी ने दसवीं में प्राप्त किए 97.6 अंक

**सलामतपुर।** सलामतपुर कस्बे के सुनारी रोड पर रहने वाले डायल



112 थाना सांची के ड्रायवर विनोद मैथिल की पुत्री मुस्कान मैथिल ने कक्षा दसवीं में 500 में से 488 (97.6 प्रतिशत) अंक हासिल करके कस्बे का नाम रोशन किया है। मुस्कान विदिशा के उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा है। उनकी इस सफलता पर लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार शिविर का हुआ आयोजन

**दीवानगंज।** वेल स्वास्थ्य के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। जांच में बीमार मरीजों को दवा भी वितरित की गई। साथ ही पोषण आहार, स्वास्थ्य चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम, बुखार, जोड़ों के दर्द रोगों से संबंधित मरीज भी शिविर में पहुंचे। संस्था द्वारा ग्राम बेरखेड़ी टुंडा, टिंगरा के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने दी समझाइश, तब जाकर समाप्त किया जाम

# घंटों तेज धूप में खड़े रहे उपभोक्ता... फिर भी नहीं मिला सिलेंडर तो कर दिया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी को लेकर गुरुवार को उपभोक्ताओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। भारत नगर कॉलोनी के समीप सांची रोड पर सैकड़ों लोगों ने चक्काजाम कर दिया। नाराज उपभोक्ताओं का आरोप था कि अमन गैस एजेंसी पर सिलेंडरों का स्टॉक खत्म हो गया। लाइनों में घंटों तेज धूप में खड़ा होने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिला, तो लोगों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने सड़क पर आकर विरोध प्रदर्शन कर दिया।

सुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता अमन गैस एजेंसी पहुंचे थे। यहां उन्हें बताया गया कि फिलहाल सिलेंडरों का स्टॉक खत्म हो चुका है और नई खेप आने में समय लगेगा। यह सुनते ही लोगों में नाराजगी फैल गई। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि सिलेंडर की गैस खत्म हो चुकी है, पिछले दो-तीन दिनों से लगातार गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन हर बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर टीआई नरेंद्र गोयल और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी की जाएगी और समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद काफी मशक्कत के बाद लोगों ने जाम हटाया और यातायात सुचारु हो सका।

### विवाह आयोजनों पर असर

इस रसोई गैस संकट का सबसे ज्यादा असर विवाह आयोजनों पर पड़ा है। शहर में इन दिनों करीब 100 से अधिक छोटे-बड़े विवाह समारोह आयोजित हो रहे हैं। ऐसे में मैरिज गार्डन संचालकों ने भी साफ कर दिया है कि गैस सिलेंडर की व्यवस्था आयोजकों को स्वयं करनी होगी। पहले यह जिम्मेदारी गैस एजेंसियों के माध्यम से पूरी हो जाती थी। लेकिन अब गैस एजेंसियों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं।

### इनका कहना है

गैस एजेंसी संचालको को घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया है।
- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।



### समय पर नहीं दी जानकारी, इसलिए जताया विरोध

उपभोक्ताओं का कहना है कि अमन गैस एजेंसी द्वारा समय पर सही जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे उन्हें बार-बार परेशान होना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और जरूरत के अनुसार पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। ताकि आम लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि रसोई गैस आपूर्ति में आई अस्थायी समस्या को जल्द दूर कर लिया जाएगा। संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि वे उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी दें और वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाएं।

इस पूरे घटनाक्रम ने शहर की गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते स्थिति में सुधार नहीं हुआ।तो आने वाले दिनों में लोगों का आक्रोश और बढ़ सकता है।

### प्रतिदिन 1500 कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की जरूरत

गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार शहर में प्रतिदिन करीब 1500 कॉमर्शियल सिलेंडरों की आवश्यकता है। लेकिन रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नाम मात्र की हो रही है। पहले जहां 1000 व्यावसायिक सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो जाते थे, अब वह घटकर महज 50 से 100 तक सीमित रह गए हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कालाबाजारी भी खुलकर सामने आ रही है। कीमतों में भी भारी अंतर देखा जा रहा है। जहां घरेलू सिलेंडर की कीमत 930 रुपये है, वहीं बाजार में इसकी बिक्री 1500 रुपये तक हो रही है। कॉमर्शियल सिलेंडर, जिसकी निर्धारित कीमत 2359 रुपये है, वह 3000 रुपए तक बेचा जा रहा है। मजबूरी में लोग महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को विवश हैं।

प्रशासन द्वारा अब तक इस संकट के समाधान के लिए कोई ठोस कदम सामने नहीं आया है, जिससे आम उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## आज से सात दिवसीय धार्मिक आयोजन यज्ञ कथा एक साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कथाओं की नगरी बरेली में आज 17 अप्रैल से 7 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। नगर के महेशपुरम में नव निर्मित शिव मंदिर



में शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक आयोजन के दौरान प्रातः यज्ञ और दोपहर से शाम तक श्रीशिव महापुराण कथा 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजन हो रहा है।

नगर की परंपरानुसार कथा प्रारंभ होने से पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली जाती है। दीनदयाल परिसर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से आज धूमधाम के साथ कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी महामंडलेश्वर के सानिध्य में कलश शोभायात्रा प्रारंभ होगी। जिसका समापन कार्यक्रम स्थल महेशपुरम कॉलोनी में शिव पुराण कथा प्रारंभ होगी। आयोजन कृष्णकुमार रघुवंशी अध्यक्ष छींद धाम मंदिर समिति एवं महेशपुरम के निवासियों ने सभी धार्मिक श्रद्धालु से अधिकाधिक संख्या में कलश शोभायात्रा में शामिल होने प्रतिदिन कथा श्रवण की अपील की है।

### गेहूं तुलाई कराने भटक रहे क्षेत्र के छोटे किसान

# गेहूं खरीदी ने रफ्तार भी नहीं पकड़ी और दबंग नेताओं के वेयर हाउस हो गए फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में गेहूं उपार्जन व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जहां एक ओर रसूखदार और सत्ताधारी दल से जुड़े नेताओं के वेयरहाउस गेहूं से लबालब भरे हुए बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर छोटे आम किसान अपनी उपज की तुलाई के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि कई किसान दिनभर गेहूं उपार्जन केंद्रों पर इंतजार करने के बाद भी बिना तुलाई कराए निराश होकर वापस घर लौट रहे हैं।

ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि जिन वेयरहाउसों का संचालन प्रभावशाली



लोगों द्वारा किया जा रहा है, वहां नियमों को ताक पर रखकर पहले से ही बड़े पैमाने पर गेहूं का भंडारण कर लिया गया है। इससे सरकारी खरीदी केंद्रों पर जगह की कमी बताकर किसानों की तुलाई टाली जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि वेयरहाउस पहले से भरे नहीं होते, तो उनकी उपज की तुलाई में इस तरह की परेशानी नहीं आती।

कई गांवों के किसानों ने बताया कि वे सुबह से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन देर शाम तक उनकी बारी नहीं आती। इन वेयर हाउसो के परिसरों में बड़े रसूखदार किसानों के बाहर अंदर ढेर कर स्टॉक कर लिया गया है। इनमें मेहगांव, कोटरा गुदावल के वेयरहाउस फुल होने की खबरें सामने आ रही हैं। केंद्र के कर्मचारियों द्वारा कभी सर्वर डाउन, कभी जगह नहीं होने और कभी अन्य तकनीकी कारण बताकर उन्हें वापस भेज दिया जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिन वेयरहाउसों में पहले से ही गेहूं भरा हुआ है, वहां नियमों के विपरीत तरीके से खरीदी और भंडारण किया है। इनमें आशीष वेयर हाउस पग्नेश्वर, मेहगांव, बनखेड़ी के श्यामा देवी वेयरहाउस शामिल हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### इनका कहना है

किसानों से जानकारी मिली है कि कुछ वेयर हाउसों में एडवांस में गेहूं का स्टॉक रखा गया है। ऐसे वेयर हाउसों पर हम टीम भेजकर छापामार की कार्रवाई करवाई जाएगी। - **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन

## जनभागीदारी से संवर रहा अमृत सरोवर तालाबों में श्रमदान कर बहाया पसीना



**रायसेन/सिलवानी।** जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान और जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत गुरुवार को सिलवानी के ग्राम पिपलियाकला में अमृत सरोवर तालाब को संवारने की पहल शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत डाबरी अंतर्गत गांव में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान किया और तालाब की साफ-सफाई व मरम्मत कार्य का श्रीगणेश किया। सभी श्रमदानियों ने मिलकर जल संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी लिया।

## शास. हाई स्कूल अमरावद कलां का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल अमरावदकलां का परीक्षा परिणाम पिछले 6 बर्षों से लगातार शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 38 दर्ज छात्रों ने सभी उत्तीर्ण हुए। 90 प्रतिशत से अधिक 5 छात्र, 80 प्रतिशत से अधिक 8 छात्र, 60 प्रतिशत से अधिक 17 छात्र तथा द्वितीय श्रेणी में 8 छात्र उत्तीर्ण हुए।

विद्यालय की छात्रा कु. दीपाली नामदेव ने 96.4 प्रतिशत, उमा कुशवाहा 94.2 प्रतिशत, कंचन कुशवाहा 94 प्रतिशत शिखा कुशवाहा 90 प्रतिशत, मुकेश कुशवाहा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर प्रभारी प्राचार्य भवानी प्रसाद गोहिया एवं शाला परिवार मानसिंह धाकड़, श्रीमति ममता चतुर्वेदी, रीतेश साहू, पवन चक्रवर्ती, मनीष पराड़कर, यश नारायण श्रीवास्तव, नीरज नामदव, मनोरमा कुशवाहा, जानकी कुशवाहा एवं मार्गदर्शक पूर्व प्राचार्य सुमेर सिंह ठाकुर (सेवानिवृत्त) का विशेष सहयोग रहा। स्कूल के परीक्षा परिणाम पर गर्वित होकर शाला परिवार को बीईओ दुर्गेश कुमार नामदेव, शासकीय उमा विद्यालय बरेली प्राचार्य कमलकिशोर बानी, सतीश कुशवाहा, बीआरसी राधश्याम गूर्जर, राजेश हजारी, संदीप नेमा द्वारा बधाई दी गई।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की गेंहू खरीद में आ रही समस्याओं को हल करने सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन में मांग:** समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी जल्द चालू की जाए

- तीन दिवस में स्लाट सत्यापन में सत्यापन की बाधा दूर की जाय
- केंद्रों पर तौल न होने से हम्मालो को काम न मिलने से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद के दौरान क्षेत्र के किसानों के समक्ष आ रही समस्याओं के समाधान की मांग का उल्लेख करते हुए गुरुवार को भारतीय किसान संघ द्वारा एसडीएम संतोष मुदगल को पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से स्लाट बुक में फसल



सत्यापन की आ रही बाधा केंद्रों पर बारदाने की कमी के साथ बड़े किसानों का भी गेंहू खरीदने की मांग रखी। फसल गिरदावरी राजस्व विभाग का कार्य है। इसे 3 दिवस के भीतर सत्यापन कार्य निपटा दिया जाए जिससे स्लाट बुकिंग की बाधा समाप्त हो सके।

किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि अभी केन्द्रों पर मात्र हजार 1500 क्विंटल गेंहू की ही खरीद हुई है। केन्द्रों पर तौल न होने से हम्माल काम न मिलने से परेशान है। इसी के साथ खरीदी केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में वारदाने की व्यवस्था किए जाने का आग्रह किया।

### चना खरीद की मांग

ज्ञापन में कहा कि समर्थन मूल्य पर चना के खरीदी केन्द्र बनाये थे परन्तु इन केन्द्रों पर चना खरीदी बंद कर नाफेड माध्यम से मंडी में चना की खरीद की जा रही है। खरीदी केंद्रों पर चना की खरीद शुरु करने की मांग की है। इसी के साथ बरेली सहकारी संस्था में प्रबंधक का मामला उठाते हुए घर के स्थान पर सहकारी संस्था कार्यालय में सामग्री पहुंचाने, चार्ज देने की बात रखी।

ज्ञापन सोंपते समय किसान संघ के जिला अध्यक्ष केशर सिंह पटेल, नारायण सिंह पनारिया, प्रीतिपाल सिंह, गोविन्द सिंह, भगवान सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### महिला विकास समिति ने की भागीदारी

## अस्पताल में प्रसूता महिलाओं व कुपोषितों को फ्रूट किट वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर के सिविल अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं और कुपोषित बच्चों को फ्रूट किट, वस्त्र वितरित किए गए। प्रव महिला विकास समिति द्वारा हमेशा सिविल अस्पताल बरेली के वार्डो में पहुंच कर भर्ती महिलाओं, बच्चों की मदद की जाती है। महिला विकास समिति के संरक्षक अजय नाहर समिति की अध्यक्ष श्रीमति अर्चना नाहर के द्वारा आईसीयू वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जानने के साथ उत्तम स्वास्थ की कामना की।

सिविल अस्पताल के वीएमओ डॉ. हेमन्त यादव से मरीजों, पात्र हितग्राहियों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए चर्चा की गई।

# कलेक्टर ने जनगणना रथ को दिखाई हरी झंडी, लोगों को करेगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

आगामी जनगणना को लेकर शासन-प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने जनपद पंचायत गैरतगंज कार्यालय से 'जनगणना रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों और वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित जनों और क्षेत्रीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसी के आधार पर भविष्य की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का खाका तैयार किया जाता है। उन्होंने अपील की है कि जब प्रगणक दल घर-घर पहुंचे, तो प्रत्येक नागरिक




उन्हें अपनी सटीक और सही जानकारी प्रदान करे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

### गांव-गांव पहुंचेगा संदेश

यह विशेष रथ लाउडस्पीकर और प्रचार सामग्री के माध्यम से तहसील के दूर-दराज के अंचलों में पहुंचेगा। रथ के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि जनगणना में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना क्यों आवश्यक है।

इस दौरान एसडीएम अंकित जैन, तहसीलदार नरेश राजपूत, सीईओ पूजा जैन, सीएमओ सुधीर उपाध्याय सहायक यंत्री, उपयंत्री सचिव संघ के अध्यक्ष रणधीर सिंह लोधी, सभी सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अब फ्लाइंग स्कॉट बाल विवाहों पर कसेगी नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

- बाल विवाह की सूचनाओं के लिए कंट्रोल रूम स्थापित
- सतत निगरानी करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



जिले में आगामी "अक्षय तृतीया" एवं विवाह मुहूर्तो को देखते हुए बाल विवाहों को रोकने के लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही बाल विवाह की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए शहर के दशहरा मैदान स्थित जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

उल्लेखनीय है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु के बालक तथा 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है एवं कानूनन प्रतिषिद्ध किया है।

बाल विवाह की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कन्ट्रोल रूम में 20 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक श्रीमती मंजू ठाकुर मोबाइल नंबर 9893059667 तथा शिवानी राजपूत मो.न. 9589848669 की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं इसी प्रकार 20 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिनेश मालवीय मो.न. 8770217901 तथा अनुज अग्निहोत्री मो.न. 6264935896 और 20 अप्रैल को रात्रि 10 बजे से 21 अप्रैल को प्रातः 8 बजे तक मोहन यादव मो.न.9826853743 तथा विवेक विश्वकर्मा मो.न. 7000750602 की ड्यूटी लगाई गई है।

समन्वय के लिए नोडल अधिकारी सहायक संचालक मनमोहन कुशराम मो.न. 9981919999 तथा सहयोग हेतु राजा वर्मा मो.न. 9893290281 को दायित्व सौंपा है।

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेष जैन द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि अपने बच्चों का बाल विवाह नहीं करें और किसी बाल विवाह के आयोजन में शामिल भी ना हों।

साथ ही अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह आयोजन की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, जनपद सीईओ, पुलिस थाना, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, चाइल्ड लाइन 1098, डायल 112, महिला हेल्पलाइन-181 पर सूचना दी जा सकती है।

### ब्लॉक स्तरीय अधिकारी रखेंगे अपनी पैनी नजर

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेष जैन ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए ब्लॉक में एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लाक लेवल फ्लाइंग स्कॉट गठित की गई हैं। टीम में ब्लॉक लेवल के अधिकारियों- एसडीओपी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजनाएं, बीईओ, चिकित्सा अधिकारी को सम्मिलित किया है। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी- जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, जनपद सीईओ, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को क्षेत्र में सतत निगरानी करने एवं बाल विवाहों की सूचना प्राप्त होने पर अधिनियम अनुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।